<u>समाचार</u>

# विकास कार्यो की धीमी कार्यप्रगति पर आयुक्त हुए नाराज, कार्यो में अपेक्षित तेजी लाने के दिए कड़े निर्देश

**(आयुक्त श्री आशुतोष पाण्डेय ने निगम के अधिकारियों की बैठक लेकर विभागीय कामकाज की विस्तार से की समीक्षा, नागरिक सेवाओं व सुविधाओं से जुड़े कार्यो एवं जनशिकायतों व जनसमस्याओं का निराकरण समयसीमा पर किए जाने के दिए निर्देश )**




कोरबा 07 अक्टूबर 2025 —आयुक्त श्री आशुतोष पाण्डेय ने विकास एवं निर्माण कार्यो की धीमी कार्यप्रगति पर आज अपनी नाराजगी जाहिर करते हुए कार्यो में अपेक्षित तेजी लाने, स्वीकृत कार्यो की निविदा प्रक्रिया समयसीमा में पूरी करने व निविदा प्रक्रिया पूर्ण कर कार्यो को प्रारंभ कराने तथा प्रगतिरत कार्यो में अपेक्षित गति लाकर समयसीमा में कार्यो को पूरा करने, कार्यो की गुणवत्ता पर विशेष फोकस रखने आदि के निर्देश अधिकारियों को दिए। उन्होने समयसीमा के प्रकरणों, जनशिकायतों व जनसमस्याओं का त्वरित निराकरण करने एवं नागरिक सेवाओं व सुविधाओं से जुड़े कार्यो को सर्वप्राथमिकता के साथ किए जाने के निर्देश भी अधिकारियों को दिए।

आयुक्त श्री आशुतोष पाण्डेय ने आज नगर पालिक निगम कोरबा के मुख्य प्रशासनिक भवन साकेत स्थित सभाकक्ष में निगम के अभियंताओं, अधिकारियों की बैठक लेकर विभागीय कामकाज की विस्तार से बिन्दुवार समीक्षा की, समीक्षा के दौरान जिन—जिन कार्यो में अपेक्षित गति नहीं पाई गई, उन पर अपनी नाराजगी इजहार करते हुए कार्यो में अपेक्षित तेजी लाने के निर्देश दिए। आयुक्त श्री पाण्डेय ने बैठक के दौरान वित्त आयोग मद, अधोसंरचना मद, जिला खनिज न्यास मद, सी.एस.आर. मद, प्रभारी मंत्री मद, सांसद मद, विधायक मद, एनकैप, मध्य क्षेत्र आदिवासी विकास प्राधिकरण मद, महापौर मद, पार्षद मद, निगम मद आदि के कार्यो के साथ—साथ

प्रधानमंत्री आवास योजना, अमृत मिशन, स्वच्छ भारत मिशन सहित अन्य विभिन्न मदों के अंतर्गत सी.सी. रोड, नाली, सीवर लाईन, सामुदायिक भवन, कलवर्ट, किचन शेड, सार्वजनिक मंच, शाला भवन, उद्यान आदि के निर्माण व मरम्मत, तालाब के विकास व सौदंर्यीकरण, डिवाईडर निर्माण, अहाता व बाउण्ड्रीवाल निर्माण, विद्युत विस्तार सहित अन्य विविध कार्यो की कार्यप्रगति की जोनवार व मदवार विस्तार से समीक्षा की तथा कार्यो की भौतिक व वित्तीय कार्य प्रगति की समीक्षा करते हुए कार्यो में उपस्थित होने वाले अवरोधों को समय पर दूर करते हुए कार्यो में आवश्यक गति लाने के निर्देश अधिकारियों को दिए।

**बार–बार नोटिस के बाद भी कार्यप्रारंभ नहीं, ब्लेकलिस्टेड की हो सकती है कार्यवाही** – बैठक के दौरान आयुक्त श्री पाण्डेय ने निगम के जोन कमिश्नरों, अभियंताओं को निर्देशित करते हुए कहा कि विकास व निर्माण कार्यो के प्रति उदासीनता स्वीकार्य नहीं होगी। उन्होने कहा कि बार–बार नोटिस दिए जाने के बाद भी जिन निर्माण एजेंसियों द्वारा कार्यप्रारंभ नहीं किया जा रहा है, कार्यो के प्रति लगातार उदासीनता दिखाई जा रही है, अनुबंध शर्तो का उल्लंघन हो रहा है, उन्हें ब्लेकलिस्टेड भी किया जा सकता है, अतः इस संबंध में नियमानुसार आवश्यक कार्यवाही प्रस्तावित करें ताकि विकास व निर्माण कार्यो को गति मिले तथा शहर विकास के कार्य सुचारू रूप से संपादित हो।

**टी.एल.प्रकरणों का निराकरण निर्धारित समय पर हों** – बैठक के दौरान आयुक्त श्री पाण्डेय ने कलेक्टर टी.एल., निगम टी.एल., जनचौपाल, सी.एम. जनदर्शन, निदान 1100, पी.जी.एन. प्रकरण सहित जनशिकायतों व जनसमस्याओं से जुड़े प्रकरणों के निराकरण संबंधी कार्यवाही की बिन्दुवार समीक्षा की तथा सभी प्रकरणों का निर्धारित समय पर संतुष्टिपूर्ण निराकरण सुनिश्चित कराए जाने के निर्देश अधिकारियों को दिए। बैठक में आयुक्त श्री पाण्डेय ने प्रधानमंत्री स्वनिधि योजना, राष्ट्रीय शहरी आजीविका मिशन तथा स्वच्छता ही सेवा अभियान आदि की भी समीक्षा की। उन्होने पी.एम.स्वनिधि योजना के लंबित ऋण प्रकरणों के निराकरण हेतु संबंधित बैंकों की बैठक लेने तथा स्वच्छता ही सेवा अभियान अंतर्गत किए गए कार्यो को योजनाबद्ध रूप से पुनः रिवाईज करने तथा लगातार इस पर काम करने के संबंध में भी अधिकारियों का मार्गदर्शन किया।

**रिकांडो रोड में ग्रीनबेल्ट व दर्री में वेंडिंग जोन की कार्ययोजना बनाएं** – आयुक्त श्री पाण्डेय ने शहर के महाराणा प्रताप चौक बुधवारी से गुरूघासीदास चौक की ओर जाने वाले रिकांडो रोड में सड़क के एक ओर ग्रीनबेल्ट विकसित करने एवं दूसरी ओर दुकानों को व्यवस्थित कर उक्त सम्पूर्ण मार्ग को विकसित व सुव्यवस्थित किए जाने के संबंध में आवश्यक कार्ययोजना तैयार करने हेतु अधिकारियों को निर्देशत किया। इसी प्रकार दर्री क्षेत्र में सुव्यवस्थित वेंडिंग जोन निर्मित व विकसित किए जाने का प्रस्ताव तैयार कर प्रस्तुत करने के निर्देश भी अधिकारियों को दिए। आयुक्त श्री पाण्डेय ने ध्यानचंद चौक में अनियंत्रित रूप से लगने वाले ठेला गुमठी आदि को व्यवस्थित करने तथा बुधवारी स्थित पौनी पसारी मैदान में निर्माणाधीन पालिका बाजार से जुड़े कार्यो को समयसीमा के अंदर पूर्ण किए जाने हेतु भी अधिकारियों को निर्देशित किया।

**बिना अनुमति निर्माण पर रखें कड़ी नजर** – आयुक्त श्री पाण्डेय ने भवन निर्माण अनुमति से जुड़े कार्यो की समीक्षा करते हुए अधिकारियों से कहा कि बिना निगम की अनुमति के अवैध रूप से होने वाले भवन दुकान आदि के पर कड़ी नजर रखें तथा जिन लोगों द्वारा बिना अनुमति प्राप्त किए निर्माण व विस्तार कार्य किए जा रहे हैं, उन पर नियमों के तहत पेनाल्टी आदि लगाने की कार्यवाही सुनिश्चित कराएं। आयुक्त श्री पाण्डेय ने वर्तमान तक निगम द्वारा दी गई भवन निर्माण अनुमति तथा बिना अनुमति भवन निर्माण पर निगम द्वारा जारी की गई नोटिस की संख्या व इस संबंध में की गई कार्यवाही की जोनवार समीक्षा की, इसके साथ ही नियमितीकरण व फ्री होल्ड संबंधी कार्यवाहियों की भी समीक्षा की।

**साफ–सफाई व स्ट्रीट लाईट व्यवस्था से जुड़े कार्यो में कसावट लाएं** – आयुक्त श्री पाण्डेय ने बैठक के दौरान निगम के साफ–सफाई कार्यो, सड़क रोशनी व पेयजल व्यवस्था से जुड़े कार्यो आदि की भी बिन्दुवार समीक्षा की। उन्होने साफ–सफाई कार्यो में और अधिक कसावट लाने, जोन कमिश्नरों, फील्ड स्टाफ व स्वच्छता कार्यो से जुड़े अधिकारियों, निरीक्षकों की मार्निंग विजिट, नियमित रूप से जारी रखने, भ्रमण के दौरान सफाई कार्यो पर कडी नजर रखने, निर्धारित मानदण्डों के अनुरूप नियमित रूप से सफाई कार्य कराए जाने आदि के संबंध में अधिकारियों का मार्गदर्शन किया। उन्होने अधिकारियों से कहा कि स्ट्रीट लाईटें समय पर जलें तथा सुबह

निर्धारित समय पर बंद कर दी जाएं, यह सुनिश्चित कराएं, साथ ही जहॉ कहीं भी स्ट्रीटलाईट खराब या बंद होती है, वहॉ पर तत्काल सुधार कार्य करवाएं।

बैठक के दौरान अपर आयुक्त विनय मिश्रा, अधीक्षण अभियंता सुरेश बरूआ, उपायुक्त पवन वर्मा, लेखाधिकारी भवकांत नायक, जोन कमिश्नर भूषण उरांव, अखिलेश शुक्ला, एन.के.नाथ, विनोद शांडिल्य, प्रकाश चन्द्रा, तपन तिवारी, सुनील टांडे, कार्यपालन अभियंता राकेश मसीह, स्वास्थ्य अधिकारी डॉ.संजय तिवारी, संपदा अधिकारी अनिरूद्ध सिंह, जनसंपर्क अधिकारी रावेन्द्र सिंह, निगम सचिव रामेश्वर सिंह कंवर, सहायक अभियंता लीलाधर पटेल, राहुल मिश्रा, पीयूष राजपूत, यशवंत जोगी, गोयल सिंह विमल, मोतीलाल बरेठ, मिशन प्रबंधक मनीष भोई आदि उपस्थित थे।